# निवासी पत्रिका

Concept note / संकल्पना नोट (Apr 24, 2023)

<u>Mob. No. 903-101-101-9</u>

**सामग्री पृष्ठ**

A. परिचय
B. निवासियों के सम्मिलित प्रयास संबंधित समाचार का Category (समूह)
C. समाचार जिसे प्रकाशन के लिए स्वीकार किया या नहीं किया जा सकता है
D. समाचार का चुनाव
E. समाचार का श्रोत
G. पत्रिका का अंग

अनुलग्नक 'क' : परिभाषा
अनुलग्नक 'ख' : प्रारूप निवासी-पत्रिका' (समाचार का फॉरमेट)

-----------

## A. परिचय

**परिस्थिति:** निवासियों की समुदाय स्तर पर सम्मिलित पहल मुख्य घारा मीडिया में प्रमुखता से नहीं आती है।

**पहल:** यह पत्रिका निवासियों के सामुदायिक सम्मिलित पहल को सबों के सामने प्रमुखता से लाने का प्रयास है।

किसी खास समुदाय के द्वारा किया गया पहल अन्य समुदायों के निवासियों को भी प्रोत्साहित कर सकता है। वे भी अपने स्थानीय स्तर पर मिलजुल कर सम्मिलित प्रयास करें।

यह पत्रिका सिर्फ निवासियों के समुदायिक पहल को प्रकाशित करने के लिये बना है। <u>**इस पत्रिका का नाम निवासी-पत्रिका दिया गया है।**</u>

शुरूआत में प्रयास किया जा रहा है कि यह पत्रिका 1-2 माह में एक बार निकाला जाए। कुछ दिनों के बाद यह पत्रिका पाक्षिक होगा। यह पत्रिका कम से कम 8 पेज की होगी। इसमें से 6 पृष्ठों में समाचार सभी समुदायों से संबंधित होगी तथा 2 पृष्ठों में समाचार स्थानीय समुदाय के लिये होगी।

यह पत्रिका एथिकल फाउंडेशन एवं सुनई समूह के लिए एक सेल्फ-सस्टेनेबुल (आत्म-स्थायी) उपक्रम होगा और इसके संचालन के लिए रेवेन्यु का श्रोत निम्न होगा -

- पत्रिका का बिक्री
- विज्ञापन
- प्रायोजित समाचार
- प्रायोजन
- दानदाता।

आमदनी के इन स्रोतों को ध्यान में रखने के बाद भी पत्रिका का 70% अंश निवासियों की समुदायिक स्तर पर सम्मिलित पहल ही होगा।

## B. निवासियों के सम्मिलित प्रयास संबंधित समाचार का Category (समूह)

1. खुली चर्चा/बैठक जैसे:- तलाश मिटिंग
2. विकास कार्य जैसे:- कच्चा रोड, रास्ता का निर्माण
3. श्रमदान जैसे:- रोड पर झाडू देना या कूड़ा बिनना
4. मदद जैसे:- नारियल बाँटा, शरबत पिलाया
5. आपसी मेलजोल/समझौता - कुत्ता काटने वाली घटना
6. मनोरंजन/मिलना-जुलना जेसे:- खेलकूद
7. आपातकालीन स्थिति - जैसे:- बाढ़, आगलगी
8. दुख में निवासियों को मदद करना। जैसे:- किसी की बीमारी में निवासियों के द्वारा चंदा देना।
9. निगरानी जैसे:- पहरा देना
10. सेवादाता/सरकार/जनप्रतिनिधि जैसे:- MLA से किसी चीज के बारे में शिकायत करना या मांग करना
11. नियमित रूप से सेवा देना जैसे:- शिक्षक की व्यवस्था, बच्चे के लिए 30 रू0 फी देना।
12. स्वयं सहायता समूह जैसे:- महिलाओं का समूह
13. व्यावसायिक समूह जैसे:- व्यावसायिक लोगों का समूह
14. धार्मिक एवं सांस्कृतिक जैसे:- अखंड पाठ, जुमे का नवाज, संगत, सत्संग
15. किसी व्यक्ति परिवार के सुख-दुख में शामिल होना। जैसे:- गाँव के लोग शादी में शामिल हुये।
16. सरकारी लाभ के लिये - जैसे:- BDO के द्वारा पेंशनर लोगों को बुलाना
17. जन प्रतिनिधि का बैठक जैसे:- मुखिया/ वार्ड लोगों का बैठक
18. किसी खास वर्ग समूह का प्रयास
19. राजनीतिक रैली/सरकार के नीति के समर्थन या विरोध प्रदर्शन जैसे:- कैडिंल मार्च
20. किसी खास व्यक्ति/किसी खास परिवार/किसी खास समुदाय के बिरुद्ध अपराध। जैसे:- नक्सल
21. गैर कानूनी असंवैधानिक, राष्ट्र हित में नहीं जैसे:- कुछ लोग सम्मिलित होकर ऐसा करते हैं ।

# C. समाचार जिसे प्रकाशन के लिए स्वीकार किया या नहीं किया जा सकता है

**समाचार प्रकाशित की जा सकती है**

- स्थानीय समुदाय से संबंधित।
- सभी अन्य समुदायों से संबंधित (विश्व के किसी भी कोने में घटी सम्बंधित घटना)।
- सार्वजनिक सेवा क्षेत्र।
- अलग-अलग परिवार से 4 या 4 से अधिक निवासी प्रत्यक्ष रूप से योगदान करने वाले हो।
- योगदान का रूप निधि, समय, कौशल, समर्थन, बैठक में भागीदारी और मतदान कुछ भी हो सकता है।
- समाचार जिसका प्रभाव समझा जा सके। प्रभाव की समझ सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।
- भौतिक संसाधन विकास जैसे- रोड, विद्यालय, तालाब आदि।
- सार्वजनिक सेवाओं में मदद जैसे- सबों को शिक्षा, सभी बच्चे सीखें, सबों को भोजन आदि।
- आर्थिक विकास जैसे- रोजगार, उद्योग आदि।
- सामुदायिक वातावरण जैसे- वृक्षारोपन, स्वच्छता आदि।
- बुनियादी सेवाएं जैसे- पेयजल, आवास आदि।
- प्रमुख सामाजिक मुद्दे।
- समुदाय के निवासी किसी घोटाले के संबंध में कुछ सम्मिलित प्रयास करते हैं तो उसे प्रकाशित किया जाएगा।
- भीड़ के द्वारा किये गए कार्य जो कि कानूनी या गैरकानूनी कोई भी हो सकता है ।

**समाचार प्रकाशित नहीं की जा सकती है**

- किसी एक व्यक्ति विशेष के प्रयास को नहीं प्रकाशित किया जायेगा।
- किसी एक परिवार विशेष के प्रयास को नहीं प्रकाशित किया जायेगा।
- तीन या तीन से कम व्यक्तियों के प्रयास को नहीं प्रकाशित किया जायेगा।
- 4 या 4 से ज्यादा लोगों का प्रयास परन्तु उसका मुख्य उद्देश्य इन लोगों को निजी लाभ कमाना जैसे किसी खास संस्था या व्यक्ति के लिए कार्य करना (तनख्वा लेकर), लाभ का 50% से ज्यादा हिस्सा आपस में बाँट लेना।
- पत्रिका में किसी घोटाले का समाचार नहीं प्रकाशित किया जायेगा।
- एक प्राइवेट कंपनी और NGO के प्रयास को नहीं प्रकाशित किया जाएगा।
- पत्रिका में किसी घोटाले का समाचार नहीं प्रकाशित किया जायेगा। परन्तु यदि समुदाय के निवासी इस घोटाले के संबंध में कुछ सम्मिलित प्रयास करते हैं तो उसे प्रकाशित किया जाएगा।

## D. समाचार का चुनाव

आशा है कि कई समाचार छापने का प्रस्ताव होगा लेकिन पत्रिका में कुछ ही समाचार छापने का जगह होगा। अतः पत्रिका में समाचार छापने के लिए एक प्रक्रिया बनाया गया है।

**इस प्रक्रिया स्टेप्स निम्न हैं-**

- स्टेप 1- निवासियों के समुदायिक पहल जैसी घटनाओं की सूचना प्राप्त होना
- स्टेप 2- सूचना देने वाले व्यक्तियों से बातचीत करना
- स्टेप 3- समाचार को स्क्रीनिंग करना / ग्रेडिंग करना । ग्रेडिंग का आधार अनुलग्नक 'ग' में दिया गया है
- स्टेप 4- इस सूचना के आधार पर विस्तृत समाचार एक निश्चित प्रारूप में आमंत्रित करना। ( प्रारूप निवासी-पत्रिका' अनुलग्नक 'घ' में दिया गया है )
- स्टेप 5- समाचार को एडिटोरियल बोर्ड द्वारा स्वीकृत करना

- स्टेप 6- समाचार को प्रकाशित करना

**समाचार की स्क्रीनिंग या ग्रेडिंग का आधार**

- समुदाय के निवासियों की ओर से सार्वजनिक सेवा क्षेत्र में सम्मिलित प्रयास किया गया हो, जिसका अच्छा प्रभाव पड़ा हो या अच्छा प्रभाव पड़ने कि संभावना हो।
- कितने लोगों का सम्मिलित प्रयास है / - प्रत्यक्ष रूप से योगदान करने वाले निवासियों की संख्या- निधि, समय, कौशल, समर्थन, बैठक में भागीदारी और मतदान
- कितने लोगों को लाभ मिला
- भौतिक संसाधन विकास जैसे- रोड, विद्यालय, तालाब आदि।
- सार्वजनिक सेवाओं में मदद जैसे- सबों को शिक्षा, सभी बच्चे सीखें, सबों कों भोजन आदि।
- आर्थिक विकास जैसे- रोजगार, उद्योग आदि।
- सामुदायिक वातावरण जैसे- वृक्षारोपन, स्वच्छता आदि।
- बुनियादी सेवाएं जैसे- पेयजल, आवास आदि।
- प्रमुख सामाजिक मुद्दे
- व्यक्तिगत या पंजीकृत संगठन के किसी प्रयास को रेट नहीं किया जाएगा।

## E. समाचार लाने का श्रोत

समाचार लाने का श्रोत निम्न हो सकता है

1. पत्रकार
2. संस्था के कर्मी
3. सामाजिक कार्यकर्त्ता
4. जनप्रतिनिधि
5. पार्टनर NGO
6. सरकार

7. सेवादाता

## F. पत्रिका का अंग

1. समाचार अलग अलग सेवा क्षेत्र से
2. अधिकतम समाचार समुदायिक
3. विश्व स्तर, राष्ट्रीय स्तर या राज्य स्तर का अधिकतम 2-2 समाचार
4. धर्म से सम्बंधित समाचार अधिक से अधिक 1 होंगे
5. गैर कानूनी घटनाओं से संबंधित समाचार अधिक से अधिक 1
6. संबंधित बिषय पर चर्चा, साक्षातर, विश्लेषण एक या दो
7. विज्ञापन, प्रायोजन, प्रायोजित समाचार, मुख्य समाचार

---------------------------------------

## अनुलग्नक 'क'

## परिभाषा

**समुदाय:** समुदाय व्यक्तियों का एक समूह है जो एक सामान्य भौगोलिक क्षेत्र में रहते हैं।
**निवासी:** कोई व्यक्ति जो किसी विशेष स्थान पर लंबे समय तक रहता है, सामान्य रूप से उन्हें उस क्षेत्र का निवासी बोलते हैं।

**योगदान:** अपने तरफ से हिस्से के रूप में कुछ देना और सीधा निजी लाभ की अपेक्षा नहीं रखना। जैसे: श्रम देना, पैसा देना, समय देना इत्यादि।

**सम्मिलित प्रयास:** सबों के द्वारा मिलजुलकर किया गया प्रयास।

**समाचार:** **समाचार** नवीनतम घटनाओं और समसामयिक विषयों पर अद्यतन सूचनाओं को कहते हैं, जिन्हें छाप कर, प्रसारण कर, या अन्य माध्यमों की सहायता से आम लोगों यानी, पाठकों, दर्शकों और श्रोताओं तक पहुंचाया जाता है।

**प्रभाव:** किसी व्यक्ति के व्यवहार, वस्तुस्थिति इत्यादि को प्रभावित करना, असर डालना।

**सार्वजनिक सेवा क्षेत्र:** ऐसी सेवा जो सबों के लिए है और सामान्य रूप से जिसे सरकार की ओर से या सरकार द्वारा नियुक्त एजेंसी के द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। जैसे: सबों को शिक्षा, सड़क, संचार सेवा प्रदान करता हो।

**प्रत्यक्ष रूप से योगदान:** वैसा योगदान जो सामने दिख रहा हो, प्रत्यक्ष रूप से योगदान **कहलाता** है।

**लोगों को लाभ मिलना: जिसका लाभ सीधे लक्षित सभी लोगों को मिलता है जैसे** वो लोग जिसे सभी बच्चों को शिक्षा का लाभ, सड़क पर सभी लोग चलते हैं, पार्क में सभी लोग घुमते हैं।

**भौतिक संसाधन:** भौतिक संसाधन, जिसमें सुविधाएं, उपकरण, भूमि और अन्य संपत्तियां शामिल हैं, जैसे: रेल, सडक इत्यादि।

**सामुदायिक वातावरण** : समुदाय में उपलब्ध वातावरण जैसे: खुला स्थल, वृक्ष इत्यादि।

**बुनियादी सेवाएं:** बुनियादी सेवाएं उन सभी आवश्यक सेवाओं को शामिल करती हैं, जो जीवन की निरंतरता के लिए आवश्यक हैं। इन सेवाओं में पानी, बिजली, स्वच्छता, नगर निगम, प्रशासनिक कार्यालय, अस्पताल, स्कूल, बैंक, डाकघर, आदि शामिल हैं।

**अधिकार** : किसी वस्तु को प्राप्त करने या किसी कार्य को संपादित करने के लिए उपलब्ध कराया गया कानून सम्मत, संविदा सम्मत, अधिकार है। कानून द्वारा प्रदत्त सुविधाएँ अधिकारों की रक्षा करती हैं।

**कर्त्तव्य:** कर्त्तव्य शब्द का अभिप्राय **उन कार्यों से होता है, जिन्हें करने के लिए व्यक्ति नैतिक रूप से प्रतिबद्ध होता है**। व्यक्ति किसी कार्य को अपनी इच्छा, अनिच्छा या केवल बाह्य दबाव के कारण नहीं करता है अपितु आन्तरिक नैतिक प्रेरणा से करता है। कुछ कर्त्तव्य संविधान में नागरिकों के लिए वाध्य है।

---------------------------------------

## अनुलग्नक 'ख' : प्रारूप 'निवासी-पत्रिका' (समाचार का फॉरमेट)

1. समाचार का शीर्षक :-
2. किस सेवा सुविधा क्षेत्र से यह समाचार है :-
3. (a) यह घटना किस समय से :-

   (b) किस समय तक की है :
4. यह किस समुदाय से संबंधित है :

गाँव/टोला का नाम:- मोहल्ला का नाम:-

वार्ड संख्या:- वार्ड संख्या:-

पंचायत का नाम:- शहर का नाम:-

प्रखंड का नाम:- प्रखंड का नाम:-

जिला का नाम:- जिला का नाम:-

राज्य का नाम:- राज्य का नाम:-

5. इस में कितने निवासियों का सम्मिलित प्रयास है :-

5.1 इस में कितने परिवारों का सम्मिलित प्रयास है:-

6. यह कितने निवासियों को सीधा प्रभावित किया :-

6.1 यह कितने परिवारो को सीधा प्रभावित किया :-

7. प्रभाव का विवरणी लिखें :-

8. इसमें शामिल 4-5 निवासियों का नाम

9. समाचार का विवरण देने वाले दो से तीन व्यक्तियों का नाम फोन नंबर के साथ (संपर्क व्यक्ति)

10. वीडियो या फोटो

11. क्या निम्न पैमाना पर यह समाचार सही है ?

a. समाचार मनगढंत नही होना चाहिए / समाचार वास्तविक होना चाहिए।
b. समाचार से सम्बंधित तथ्य का सबूत होना चाहिए ।
c. समाचार के मुख्य बिंदु में निवासियों की भूमिका जानना चाहते हैं न की सुविधा या सेवादाता का अच्छाई बुराई के बारे में ।